**आकाशवाणी गोरखपुर**
**प्रादेशिक समाचार**

दिनांक–**31 अगस्त** 2026 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

1. **उज्बेकिस्तान के सर्वोच्च सम्मान ओली दाराजली दुस्तलिक ऑर्डर से सम्मानित हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। कहा– दोनों सभ्यताओं के बीच चिरस्थाई मैत्री का प्रतीक है यह सम्मान।**
2. **प्रधानमंत्री ने आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में पीएम स्वनिधि योजना को बताया महिला सशक्तिकरण का माध्यम। गाजियाबाद की बबीता शर्मा की प्रेरक यात्रा का भी किया उल्लेख।**
3. **मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ छावनी में लगभग एक सौ एक करोड़ की विभिन्न विकास परियोजनाओं की रखी आधारशिला। मुख्यमंत्री ने कहा– उत्तर प्रदेश ने नौ वर्षों में तय की है सुरक्षा और सुशासन की नई यात्रा।**
4. **बारिश और बैराजों से पानी छोड़े जाने के कारण बढ़ रहा है नदियों का जल स्तर। मौसम विभाग ने इस सप्ताह भी भारी बारिश की चेतावनी दी।**

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कल उज्बेकिस्तान का सर्वोच्च सम्मान ओली दाराजली दुस्तलिक ऑर्डर दिया गया। यह विदेशी नेताओं को प्रदान किया जाना वाला उज्बेकिस्तान का सर्वोच्च सम्मान है। श्री मोदी ने इस सम्मान को सभी भारतीयों को समर्पित किया और कहा कि यह दोनों सभ्यताओं के बीच चिरस्थाई मैत्री का प्रतीक है।

कई केंद्रीय मंत्रियों ने उज्बेकिस्तान का सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान मिलने पर प्रधानमंत्री को बधाई दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व और भारत तथा उज्बेकिस्तान के बीच चिरस्थाई मैत्री को प्रगाढ करने के सतत प्रयासों का प्रमाण है। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि श्री मोदी के कूटनीतिक सिद्धांतों से नये मार्ग खुल रहे हैं और वे ग्लोबल साउथ की आवाज बन रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह पैंतीसवां वैश्विक सम्मान है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये प्रधानमंत्री को शुभकामनाएं दी हैं। अपने शुभकामना संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रत्येक भारतीय के लिए गौरव का क्षण है और वैश्विक मंच पर नए भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा को एक और मान्यता है।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों से अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा अभियान पूरे देश में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि बडी संख्या में युवा इस अभियान में शामिल हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने लोगों से नशा मुक्त भारत के लिए प्रभावशाली नारा, गीत और संदेश तैयार करने की अपील की।

**नशा मुक्त भारत के लिए क्या आप कोई पावरफुल स्लोगन बना सकते हैं? क्या हमारे यंग म्यूजीशियन, ऐसे शांग्स बना सकते हैं, जिनमें ड्रग फ्री लाइफ का मैसेज हो? क्या स्टूडेंट्स और थीऐटर ग्रुप दिल को छू लेने वाले सार्ट प्लेज लिख सकते हैं जिनमें ड्रग्स के खतरों के साथ–साथ उनसे बाहर निकलने का रास्ता भी हो। हमारे देश में बेहतरीन कंटेंट क्रिएटर्स की कमी नहीं हैं। मेरा आग्रह है कि वे अलग–अलग भाषाओं में ऐसा कंटेंट बनाएं जिससे इस दिशा में समाज को मदद मिले।**

प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना के माध्यम से 35 लाख महिलाओं को नई शक्ति प्राप्त हो रही है।

**पीएम स्वनिधि योजना' की लाभार्थियों में करीब 46 प्रतिशत महिलाएं हैं। यानी देशभर में लगभग 35 लाख महिलाएं इस योजना से जुड़कर अपने कारोबार को आगे बढ़ा रही हैं। गाजियाबाद की बबीता शर्मा जी, पूजा की सामग्री का एक छोटा सा स्टाल लगाती थीं। मेहनत खूब थी, लेकिन कारोबार बढ़ाने के लिए पूंजी की जरूरत थी। पीएम स्वनिधि' से उन्हें आर्थिक मदद मिली। कारोबार का विस्तार किया। ग्राहक बढ़े और धीरे–धीरे सड़क किनारे का उनका छोटा सा स्टाल एक दुकान में बदल गया।**

गाजियाबाद की बबिता शर्मा ने प्रधानमंत्री द्वारा मन की बात कार्यक्रम में उनकी प्रेरक यात्रा का जिक्र करने पर खुशी व्यक्त की।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने सम्बोधन में मिशन शक्ति सेट के बारे में भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से देश की हजारों बेटियां अंतरिक्ष तक पहुंच रही है।

**आज हमारी बेटियों के सपनों की उड़ान, धरती से निकलकर अंतरिक्ष तक पहुंच रही है और आपको यह जानकर गर्व होगा कि भारत, ऐसे सपने देखने वाली दुनिया की हजारों बेटियों को एक साथ जोड़ रहा है। इस प्रयास का नाम है मिशन शक्ति सेट। इसके माध्यम से 108 देशों की 12 हजार छात्राओं को सेटलाइट टेक्नोलॉजी सीखने और इंनोवेशन के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है।**

प्रधानमंत्री ने कहा कि जब किसी जगह को स्वच्छ रखने का संकल्प लोगों का अपना संकल्प बन जाता है तो उससे, उस जगह की पहचान पूरी तरह बदल जाती है। उन्होंने प्रदेश के रामपुर जिले के पटवाई गांव के आकाश और रोहन के स्वच्छता प्रयासों का उल्लेख भी किया।

**उनके आसपास का इलाका गंदगी से भर गया है। बस, फिर क्या था, आकाश और रोहन ने कचरे के बैग उठाए और सफाई के लिए निकल पड़े। धीरे–धीरे दूसरे युवा भी उनके साथ जुड़ने लगे। एक टीम भी बन गई। जिसका नाम है– 'क्लीन–अप पटवाई'। ये युवा अब तक चार गंगा घाटों को साफ कर चुके हैं।**

प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से लोगों से त्यौहारों के इस मौसम में वोकल फॉर लोकल का समर्थन का आग्रह भी किया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कल लखनऊ छावनी में लगभग एक सौ एक करोड़ की लागत की बारह विकास परियोजनाओं की आधरशिला रखी। इन परियोजनाओं का उद्देश्य लखनऊ छावनी को मॉडल छावनी के रूप में विकसित करना है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश ने बीते नौ वर्षों में सुरक्षा और सुशासन की नई यात्रा तय की है।

**अब उत्तर प्रदेश भारत की इकोनामी का ग्रोथ इंजन के रूप में अपनी भूमिका का निर्वहन कर रहा है। भारत आत्मनिर्भरता में रक्षा सेना के क्षेत्र में भी प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से रक्षा मंत्री जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में छह डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर भी उत्तर प्रदेश के अंदर स्थापित हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश आज अपने इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए भी जाना जा रहा है।**

अपने सम्बोधन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश विकास और सुशासन के नये मानदंड स्थापित करता रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश विकसित भारत के संकल्प के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है।

**विकसित भारत का अर्थ है कि जब बच्चों के लिए अच्छी शिक्षा मिले जब किसी परिवार के घर में साफ पानी पहुंचे जब किसी नौजवान को खेलने और अपनी प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिले और जब किसी दिव्यांग बच्चे को यह महसूस ना हो कि वह समाज के पीछे है तो मैं मानता हूं कि यही सच्चा विकास है और मेरा मानना है कि विकसित भारत की यात्रा बड़े शहरों से शुरू होकर हर मोहल्ले हर बस्ती और हर परिवार तक पहुंचनी चाहिए।**

मुख्यमंत्री और रक्षा मंत्री ने कल लखनऊ में वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की भव्य प्रतिमा का अनावरण भी किया। रक्षा मंत्री ने लखनऊ में पीएम–सेतु इंडस्ट्री कॉनक्लेव में भी हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश अपनी रक्षा औद्योगिक पारिस्थितिकी में बुनियादी कायाकल्प का साक्षी बन रहा है।

**आज हम डिफेंस सेक्टर में पूर्ण आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। हमारा डिफेंस प्रोडक्शन लगातार बढ़ रहा है। जब मैं मिनिस्टर बना था डिफेंस प्रोडक्शन एप्रोक्सीमेटली 46 थाउसेंड करोड़ था। आपको जानकर खुशी होगी हमलोग वन लाख एटी थाउसेंड करोड़ के आसपास पहुंच गया है। हमारा एक्सपोर्ट 6 हंड्रेड करोड़ था। आज हमारा एक्सपोर्ट एप्रोक्सीमेटली 40 थाउसेंड करोड़ तक पहुंच गया है।**

**********

राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में रूक–रूककर बारिश का सिलसिला जारी है। राज्य भर में हो रही बारिश और बैराजों से पानी छोड़े जाने के कारण कई नदियों के जलस्तर में बढ़ोत्तरी हो रही है। बलिया में गंगा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। चित्रकूट में मंदाकिनी नदी का जल स्तर बढ़ने के बाद राहत और बचाव कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। वाराणसी में गंगा और वरुणा नदी के जल स्तर में संभावित वृद्धि को देखते हुए जिला प्रशासन ने इक्सठ बाढ़ राहत शिविर, इक्कीस बाढ़ चौकियां और एक सौ अन्नठानवे नावों की व्यवस्था की है। वहां गंगा नदी चेतावनी बिंदु के पास पहुंच गयी है। इस बीच, मौसम विभाग ने राज्य भर में पांच सितम्बर तक कहीं कहीं भारी बारिश की चेतावनी दी है।

**********

गौतम बुद्ध नगर जिले के जेवर क्षेत्र में बीती देर रात हुए एक सड़क हादसे में कार सवार चार लोगों की मौत हो गयी। यह दुर्घटना उस समय हुई जब यमुना एक्सप्रेसवे पर एक अनियंत्रित ट्रक डिवाइडर तोड़ता हुआ दूसरी तरफ से जा रही कार से जा टकराया। मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन और कटर की सहायता से कार के अंदर फंसे सभी चार लोगों को बाहर निकाला तथा उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां पर डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**********